तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



10 किसानों को बारदाना तक उपलब्ध नहीं करा पा रही...






11 शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान हमेशा याद...




## खबर संक्षेप

### परकोम में दो दिवसीय भव्य रामायण 14 से



नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम परकोम वासीयों के तत्वधान में दो दिवसीय छ ग राज्य स्तरीय भव्य रामायण मेला का आयोजन 14 एवं 15 दिसंबर शनिवार और रविवार को किया गया है। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर सरपंच अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, उपाध्यक्ष परमेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, राजू पटेल, सचिव भोजराम पटेल, अश्वत दीवान, सलाहकार चंद्रकुमार पटेल, मुकेश चंद्रवंशी, प्रचार प्रभारी टकेश निर्मलकर, मीडिया प्रभारी लोकेश पटेल आदि ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्यारहवां वर्ष होने जा रहा है। जिसमे आंमत्रित मंडलियों के द्वारा संगीतमय सारर्भित प्रवचन परमपिता परमात्मा श्रीरामचंद्र की अमृतमयी कथा का रसपान करने हेतु श्रद्धांलुओं से अपील की गई है।

### युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के प्रतिभागी होंगे शामिल

**बागबाहरा।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जा रहा हैं। युवा उत्सव 2024- 25 में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित है। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होंगे। युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकगीत, तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण एवं कविता, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पाद आदि गतिविधियां

# धान खरीदी की परेशानियों पर कांग्रेस ने किया ब्लाक स्तरीय धरना-प्रदर्शन

## राज्य की भाजपा सरकार पर किसान विरोधी होने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खरीफ वर्ष 2024 –25 में धान बेचने को लेकर किसानों को हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर तथा राज्य सरकार के द्वारा किसान विरोधी रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी जमीन की लड़ाई लड़ने में जुट गई है। इसी क्रम में आज छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन बागबाहरा स्थित तहसील कार्यालय के समक्ष संपन्न हुआ।

बता दें वर्तमान में खरीफ वर्ष 2024 - 25 में प्रदेश के किसानों को धान बेचने को लेकर बहुत ज्यादा समस्याएं हो रही है जिसके चलते हुए परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों को इन्हीं समस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा जारी किए गए निर्देश के अनुसार कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर की लड़ाई लड़ने कोमैदान में उतर पड़ी है और किसानों के समर्थन में उन्होंने आज बागबाहरा स्थित तहसील कार्यालय के समक्ष जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया । साथ ही साथ विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग प्रदेशाध्यक्ष केशव चंद्राकर,शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि निषाद, अंकित बागबाहरा, हीरा बघेल, चंद्रहास साहू, सफी मोहम्मद, अंकित बागबाहरा, राजेश सोनी गिरीश पटेल, दुर्गा सागर, ताम्रध्वज बघेल, खिलेश्वरी बघेल, भक्त राम मांझी, दिनेश, मुंगरी लाल माझी, राजकुमार महानंदा, ताराचंद सोनवानी, सुनील व्यवहार, गणेश शर्मा, देवनाथ साहू, उमेश साहू, शमीम खान, रामकुमार ठाकुर, सेवाराम साहू, नंदकुमार निषाद, राजेश सिंहा, खोमेश साहू, सनी दुआ, राहुल यादव, अशोक अग्रवाल, पारस सांखला, देवेश साहू, मानसिंह ठाकुर, वाजिद खान, प्रदीप यादव, सुनील तांडी, आसाराम बांधे, डुमन लाल यादव सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

### इन मांगों को लेकर दिया धरना

धान खरीदी केंद्र में बारदाना की कमी दूर किया जाए, धान विक्रय हेतु किसानों को बोरी लाने विवश नहीं किया जाए, टोकन काटने के अव्यवहारिक व्यवस्था में सुधार लाकर किसानों की परेशानी दूर किया जाए, इलेक्ट्रानिक तराजू में वास्तविक तौलाई हो अधिक नही तौला जाए, खरीदी केंद्र से धान उठाव हेतु समय पर समुचित व्यवस्था हो, प्रति एकड़ 21 क्विंटल से कम का धान खरीदी न हो, भाजपा द्वारा घोषित 3100 रुपये एवं केंद्र सरकार समर्थन मूल्य में वृद्धि किये गये 117 रुपये सहित 3217 रुपये प्रति क्विटंल के दर से किसानों के खाता में एकमुश्त राशि भेजा जाए, बीज उत्पादन किसानों का उपार्जित फसल खरीदा जाए, वनाधिकार के संपूर्ण पट्टा में धान खरीदी किया जाए।

## विरोध : सीमांकन के आश्वासन के बाद लौटे ग्रामीण

# श्मशान की जमीन पर हुए कब्जे को हटाने की मांग पर अड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खैरझिटी में श्मशान घाट के लिए आरक्षित भूमि से स्थानीय एवं बाहरी लोगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जा को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर अवैध कब्जा जल्द हटाने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अफसरों द्वारा बुधवार को गांव पहुंचकर नापजोख कर ग्रामीणों को अवगत कराए जाने का आश्वासन दिया तब ग्रामीणों का आक्रोश कम हुआ और वापस लौटे।

कलेक्टोरेट पहुचे ग्रामीणों में महिलाएं और पुरुषों के साथ बच्चे भी मौजूद रहे। उन्होने कहा कि खैरझिटी के खसरा नं. 261 (रकबा 1.08), 263 (रकबा 0.003), 275 (रकबा 0.10) शासकीय भूमि में बुधवंतिन पिता झुमुकलाल, इंद्रमन, छन्नूलाल, मन्नूलाल, पिता धनीराम, जैलसिंग पिता पतिराम ग्राम पंचायत कुकराडीह निवासी व शालोम मार्रिन हेमिटन खैरझिटी आदि ने शासकीय भूमि में अवैध कब्जा किया है। उक्त भूमि श्मशान घाट के लिए पहले से आरक्षित है। लेकिन, इन लोगों ने गुंडागर्दी से श्मशान घाट पर कब्जा कर हो गया है जिससे ग्रामीणों को मृतकों के शवों का कफन दफन करने में परेशानी पेश आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत ने कई बार नोटिस भेजा और कोटवार ने नोटिस तामील कराकर नायब तहसीलदार तुमगांव को कब्जा हटवाने ग्राम पंचायत ने आवेदन दिया बावजूद आज तक कब्जा नहीं हटाया गया है।



### सीमांकन कर ग्रामीणों को दी जाएगी जानकारीः नायब तहसीलदार

नायब तहसीलदार मोहित अमिला ने हरिभूमि को बताया कि बुधवार को भूमि का सीमांकन किया जाएगा। यदि भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया तो सीमांकन कर ग्रामीणों के सुपूर्द किया जाएगा। इस आश्वासन पर ही ग्रामीण कलेक्टोरेट से वापस लौटे।

### शव यात्रा निकालने की थी तैयारी

श्मशान घाट के लिए आरक्षित भूमि से कब्जा हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को महिला, पुरुष और युवा तुमगांव ओवरब्रिज पर इकट्ठा हुए जहां से वे सांकेतिक शव यात्रा निकालकर कलेक्टोरेट जाने की तैयारी में थे। इस बात की जानकारी मिलते ही पुलिस व प्रशासन की ओर से एसडीओपी अजयशंकर त्रिपाठी और नायब तहसीलदार मोहित अमिला समझाइश देने पहुंचे। लेकिन, ग्रामीण सांकेतिक शव यात्रा निकालने पर अड़े रहे।

# प्लेसमेंट और स्वच्छता दीदीयों के बाद आज से नियमित निकाय कर्मी भी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरीय सत्ता में चल रहे घमासान के बीच शहरी प्रशासनिक व्यवस्था में चरमरा रही है। निकाय के प्लेसमेंट कर्मी पहले ही हड़ताल पर हैं। वहीं सोमवार से स्वच्छता दीदियां भी हड़ताल पर चली गईं और अब 6 सूत्रीय मांगों के पूरा न होने से पालिका के नियमित कर्मचारी-अधिकारी भी एक बार फिर हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। नियमित कर्मचारी आज 11 दिसंबर से हड़ताल पर रहेंगे। जिसके कारण में साफ-सफाई, बिजली, पानी, टैक्स वसूली के साथ ही जनता के कामकाज पूरी तरह ठप हो जाएंगे।

बता दें कि नियमित कर्मचारियों की 6 सूत्रीय मांगों में लंबित वेतन भुगतान सहित 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान, नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त करने, नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र लागू करने, नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने, नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नत किए जाने, छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि का भुगतान शामिल है।

कर्मचारी संगठन के नव नियुक्त अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने बताया कि इस संबंध में विभागीय मंत्री अरुण साव ने विगत 26-27 सितंबर को समीक्षा बैठक में एक तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश तो दिया। बावजूद वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे नगरीय निकाय के कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने बताया कि समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में संचालक नगरीय प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था। इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित करने के बावजूद समय पर वेतन भुगतान नहीं हो रहा है।



### चरमरा जाएगी शहर में साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था

प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल जारी, स्वच्छता दीदियां फिर आंदोलन की राह पर ठेका पद्धति समाप्त करने, सीधे वेतन भुगतान सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलेभर के नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी 19 नवंबर से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर हैं। जिससे जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिले के 5 नगरीय निकायों में कुल 350 प्लेसमेंट कर्मचारी हैं। जिसमें महासमुंद में 157, बसना 40, सरायपाली 56, बागबाहरा में 63, तुमगांव 17 तथा पिथौरा में 14 कर्मचारी शामिल हैं। वहीं चार सूत्रीय मांगों को लेकर स्वच्छता दीदियां सोमवार से फिर हड़ताल पर हैं। इनकी हड़ताल से सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। जिलाध्यक्ष कुमारी वैदेही ने बताया कि कलेक्टर दर पर वेतन देने, पीएफ राशि की कटौती, सप्ताह में एक दिन अवकाश, रिक्शा गाड़ी की मरम्मत शासन द्वारा कराए जाने की मांग को लेकर पिछले 14 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। बाद में आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित की गई। उन्होने बताया कि जिले में कुल 207 स्वच्छता दीदियां कार्यरत हैं। अकेले महासमुंद शहर में कचरा कलेक्शन के लिए 117 स्वच्छता दीदी काम करती हैं।

### मीडिया परिसंवाद कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं इंदौर जोन के क्षेत्रीय निदेशक राजयोगी ब्रह्माकुमार ओम प्रकाश भाई जी की नौवीं पुण्यतिथि पर स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज हेतु मीडिया की भूमिका पर मीडिया परिसंवाद कार्यक्रम 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर विधानसभा मार्ग रायपुर में आयोजित की जाएगी।

## सड़क हादसे में एक की मौत के बाद क्षतिग्रस्त बाइक हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा के आगे झगरेनडीह रोड़ पर सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे में क्षतिग्रस्त मोटर सायकल को किसी ने चोरी कर लिया, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 31 अगस्त को ग्राम भठोरी निवासी प्रेमलाल पटेल घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केएस 1459 में अपने रिश्तेदारी में ग्राम भतकुंदा गया था। भतकुंदा से घर लौटते समय शाम करीब 5 बजे पिरदा के आगे झगरेनडीह रोड़ पर अज्ञात वाहन की ठोकर से प्रेमलाल की मौत हो गई। अगले दिन प्रेमलाल के बेटे विशाल पटेल ने घटना स्थल जाकर अपने पिता के मोटर सायकल के बारे में पता किया तो कहीं पता नहीं चला। विशाल ने संदेह के आधार पर बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मामले में सांकरा पुलिस ने 9 दिसंबर को अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध कायम किया है।

# अब तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 54426 किसानों से 274341.76 टन धान खरीदा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत कृषक उन्नति योजना के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान तेजी से चल रहा है। यह अभियान किसानों को उचित मूल्य पर धान बेचने की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का कार्य कर रहा है। नोडल अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि 10 दिसंबर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 54426 किसानों से 274341.76 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 631 करोड़ 52 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि अब तक जिले के उपार्जन केंद्रों में एक करोड़ 31 लाख 8 हजार से अधिक बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें 71 लाख 72 हजार 258 नया बारदाना है। 41 लाख 6 हजार 907 बारदाना मिलर से प्राप्त, 15 लाख 22 हजार 402 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 3 लाख 7 हजार 109 बारदाना प्राप्त हुआ है। 73 लाख 48 हजार 692 बारदाने का उपयोग उपार्जन केंद्रों में किया जा रहा है। अभी 57 लाख 59 हजार 984 बारदाना शेष है।

### जन चौपाल में प्राप्त हुए 41 आवेदन

महासमुंद। जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में मंगलवार को जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों द्वारा अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा। सीईओ जिला पंचायत एस. आलोक ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। अलग-अलग समस्याओं के निराकरण के लिए कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जन चौपाल में आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन सौंपे गए। सीईओ एस. आलोक ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

### ससुर ने बहू से की मारपीट, केस दर्ज

**महासमुंद।** तुमगांव थाने में एक महिला ने अपने ससुर के खिलाफ मारपीट के मामले में शिकायत दर्ज करायी है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 8 दिसंबर को रात करीब 8 बजे प्रार्थिया पूजा कौर घर में थी तबी उसके ससुर जगदीश सिंग ने शराब के नशे में आकर गाली गलौज कर हाथ थप्पड़ से मारपीट किया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी जगदीश सिंग के खिलाफ 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायालय परिसर में आयोजित किया कार्यक्रम

# मानव अधिकार दिवस पर हुए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले शिविर एवं कार्यक्रम के तहत आज "मानव अधिकर दिवस" 10 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वधान में विधिक जागरूकता पर आधारित शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि आज मानव अधिकार दिवस के अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रफुल्ल सोनवानी द्वारा न्यायालय परिसर सरायपाली में आयोजित शिविर में पहुंचकर संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीष प्रफुल्ल सोनवानी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक मनुष्य सुरक्षित स्थान पर रहने और जीविकोपार्जन के अधिकार का हकदार है। अतः सभी को संविधान द्वारा प्रदाय की गई अधिकारों में समान अधिकार प्राप्त है। मानवाधिकारों के उल्लंघन की क्रूरताओं का सामना कर रहे लोगों से प्राप्त समस्याओं और शिकायतों को देखकर और उन्हें खत्म करने का प्रयास करके दुनिया में सद्भाव और शांति लाना। यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1948 में 10 दिसंबर को की गई घोषणा की याद में दुनिया भर में मनाया जाता है। मानवाधिकार दिवस मूल रूप से मनुष्य के अधिकारों का समर्थन करने, जश्न मनाने और प्रेरित करने में भूमिका निभाता है। यह एक वैश्विक कार्यक्रम है जिसे हर कोई मनाता है और अपने अधिकारों का आनंद उठाता है। मानवाधिकार दिवस लोगों और हमारी नई और आने वाली पीढ़ी को उन अधिकारों के बारे में जागरूक करता है जो एक इंसान के पास हैं।

इसके अलावा सिविल न्यायाधीश नमिता मिंज भास्कर तथा अविनाश टोप्पो द्वारा शिविर आयोजित कर मानव अधिकार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिष्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे, समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियत पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान कराना होता है। आज ''मानव अधिकर दिवस'' 10 दिसंबर के अवसर पर तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायाधीशों तथा आरक्षी केंद्र में पदस्थ पैरालिगल वालेंटियरों द्वारा भी ग्राम पंचायतों में जाकर विधिक जागरूकता षिविर आयोजित किया गया।


**आवश्यकता है**

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

**रिपोर्टर (2 पद)**

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

**अनुभवी को प्राथमिकता**

**(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)**

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समयः सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा वृद्धा के शव का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** 10 दिसंबर को शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा 50 - 55 वर्षीय अज्ञात महिला के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार कार्य किया गया। मृतक महिला के बारे में जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 दिसंबर को शंकरनगर के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक महिला मृत अवस्था में पाई गई थी। महिला के परिजनों के बारे में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिलने के कारण स्थानीय पुलिस द्वारा इस अज्ञात महिला के शव को पोस्टमार्टम के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपा गया। दलदली मार्ग स्थित मुक्तिधाम स्थल में समिति के सदस्य डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, गोपाल वर्मा, मोहन बावनकर, डॉ एजाज नकवी, राजू चंद्राकर, मनोज पटेल, गुमानचंद जैन, संजय साहू, विजय ठाकुर सहित मुकेश त्यागी, पिंटू नाग आदि ने उक्त महिला के शव का अंतिम संस्कार कार्य संपन्न किया।

### योग प्रशिक्षण शिविर 20 दिसंबर से



**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (34 वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 20 से 30 दिसंबर 2024 तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में होगा। इस 11 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 29 दिसंबर 2024 को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे। योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन कराने की अपील की गई है। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7 से, 8.30 बजे, महिला वर्ग, बच्चों का दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे।

### 9 स्वास्थ्य केंद्र कायाकल्प में पुरस्कृत

**सरायपाली।** विकासखंड के 9 उप स्वास्थ्य केंद्र जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाना जाता है कायाकल्प योजना में क्वालिफाइड हुए हैं। यह स्वास्थ्य केंद्र हैं गोहरापाली, बिरकोल, टेमरी, खपरीडीह, गेर्रा, केना, तोरेसिन्हा और पीएचसी तोषगांव है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोहरापाली 89% के साथ जिले में दूसरे स्थान पर है कायाकल्प योजना की शुरुआत शासन के द्वारा 2015 से लागू किया गया है जिसके तहत स्वास्थ्य केंद्र में जो बेहतर स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और रिकार्ड रिपोर्ट अच्छे रखने वाले संस्था को शासन के द्वारा राशि देकर पुरस्कृत किया जाता है।

## निधन

### कुंज लाल साहू




**महासमुंद।** ग्राम झालखम्हरिया निवासी कुंज लाल साहू पिता स्व रामगुलाम साहू का आकस्मिक निधन मंगलवार शाम 6 बजे हो गया। कुंजलाल साहू पूर्व मंडी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे सेवक राम साहू (तेलीबांधा), डा लखन लाल साहू, डा राजेंद्र साहू के बड़े भाई और राजेश साहू(अधिवक्ता)के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार, 11 दिसंबर को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम, महासमुंद में सुबह 11 बजे किया जाएगा।

---

**प्रदर्शन : धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना**

# किसानों को बारदाना तक उपलब्ध नहीं करा पा रही भाजपा सरकार : चातुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



विधानसभा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर धान खरीदी में किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि पूरे प्रदेश में धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था से किसान परेशान है। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की भारी कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाना है लेकिन 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुए हैं जिसमे धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वयं करो, उसका भुगतान किया जाएगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा।

विधायक नंद ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में लगे इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमे 1 किलोग्राम से अधिक धान तौला जा रहा है। विधायक नंद ने यह भी कहा कि सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। पूरे 21 क्विंटल धान की खरीदी नहीं हो रही, किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।

धरना प्रदर्शन को वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आरएन आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पूजा तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला महामंत्री जयंत चौधरी, पार्षद सुरेश भोई, रामदयाल पटेल, कमल अग्रवाल, घसीया सिदार, भरत मेश्राम, तन्मय पंडा, दीपक साहू, परमानंद नायक, पिंगल गार्डिया, शुरू पाणिग्रही, विजय यादव, गोपाल अग्रवाल, सूर्या पटेल, नीलांचल भोई, अरमान हुसैन, जफर खान, रोशन नाग, जयंत यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर गीतिनाट्य का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने हिन्दी विषय शिक्षक प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के मार्गदर्शन और शिक्षक सुशांत प्रधान के निर्देशन में वीरनारायण सिंह के जीवन पर आधारित गीतनाट्य प्रस्तुत किया।

ज्ञात हो कि कक्षा दसवीं हिन्दी विषय का एक पाठ अमर शहीद वीर नारायण सिंह है। प्रस्तुति में बताया गया कि किस तरह से सोनाखान महान वीर सपूत वीरनारायण सिंह का योगदान छत्तीसगढ़ के लोगों को संगठित करने, जनता की सेवा करने और देश को आजाद करने, माखन व्यापारी के गोदाम से अनाज निकालकर, अकाल पीड़ित लोगों की मदद करने, जन समुदाय को अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए प्रेरित करने, और स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करने में रहा। इस गीतनाट्य को प्रस्तुत करने में अमीषा पटेल, अरमान साहू, बालेश्वर, चांदनी दीपक, धनेश्वरी, डिंपल, गंगाधर यादव हर्ष साहू, जागृति, जयकिशन, कामिनी, ममता, परी, वैष्णव, पूजा, रुपा यादव, साधनी, तुषार बाघ, तुषार साहू, यामिनी साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हर्ष साहू ने वीर नारायण सिंह की भूमिका निभाई। इस अवसर पर टेकलाल पटेल, कृष्ण कुमार नायक, दुबेलाल पोर्ते, शरद कुमार बाघ, रोहित साहू, सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## आईटीआई में योगाभ्यास एवं उच्च संस्कार का आयोजन



**महासमुंद।** लभरा स्थित शासकीय आईटीआई में मंगलवार को प्रशिक्षणार्थियों को योगाभ्यास, योग के लाभ एवं श्रीमद भागवत गीता, तुलसी पूजन, मातृ-पितृ दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी व अपने दिनचर्या में लाने के संबंध में वेदांत सेवा समिति राजिम से आए योग आचार्य तामेश्वर साहू ने प्रशिक्षणरत प्रशिक्षर्थियों को बताया। साथ ही योग के फायदे एवं महत्व के बारे में बताया गया। उक्त अवसर में संस्था सभी स्टॉफ व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी योगेश्वर ध्रुव ने दी।

## हिंदी ओलंपियाड के परिणाम रहे शत प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ताराचंद विद्यासागर शिक्षण समिति द्वारा संचालित प्रतिभा पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत तेरह बालक बालिकाओं को हिंदी ओलंपियाड फांउडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में सफलता मिली है। इसके परिणाम शत प्रतिशत रहे। इसमे चयनित युवराज रोहिदास, शिवांशी चंद्राकर कक्षा प्रथम (ब्रॉन्ज), दाक्षी साहु, तुषार बांधे, कक्षा द्वितीय (ब्रॉन्ज), आंचल पटेल कक्षा द्वितीय (सिल्वर), चित्रांश साहू, देव्यांशी तांडे कक्षा तृतीय (गोल्ड), इबसिता कोटांगले कक्षा चतुर्थ (गोल्ड), खुशिका चंद्राकर कक्षा पांचवी (गोल्ड), पूनम निराला कक्षा छठवीं (गोल्ड), काव्यांजलि पटेल कक्षा सातवी (गोल्ड), प्रियंका साहू कक्षा आठवीं (गोल्ड), आरूष चंद्राकर कक्षा नवमी (गोल्ड), रोशनी पटेल कक्षा दसवीं (गोल्ड) सफल हुए है। सफल छात्रों को संचालन समिति के मैनेजिंग डायरेक्टर रूपेश अग्रवाल एवं शाला के प्राचार्य सत्यरंजन चकवर्ती, शाला की शिक्षक प्रतिनिधि विद्या शर्मा व सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं रत्ना साहू, शशिकला चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, राजेश चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

## सुंदर कांड पाठ...





**महासमुंद।** शहर के कुर्मी पारा निवासी लोहिया महिला मंडल द्वारा इन दिनों घर-घर पहुंचकर सुंदर कांड का पाठ किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार को बाजार वार्ड निवासी सोनी परिवार के यहां सुंदर कांड का पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ।

## अजजा शासकीय सेवक विकास संघ का जिला कार्यालय उद्घाटित



**महासमुंद।** अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ जिला कार्यालय का लोकार्पण नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल (बस्तर) की मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष माननीय आरएन ध्रुव, विशिष्ट अतिथि लोकेंद्र कोमरा गोंडवाना गोड समाज के राष्ट्रीय महासचिव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम गोंडवाना के वीरांगना महारानी दुर्गावती के आदमकद मूर्ति में माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात छग अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ का जिला कार्यालय का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव, महेश कुमार ध्रुव, टीआर ध्रुव, एफआर कश्यप, सन्मान दीवान, बीएस नेताम, डमरूधर मांझी, नीलकमल, ताराचंद ध्रुव, रोहित ध्रुव, मोहनीश दीवान, गैदूराम, हेमसिह मरकाम, शिवकुमार ध्रुव, पूषन कंडरा, नाथूराम पुडेटी, तुलेंद्र सागर, बीपी मेश्राम, खोशिल गेंड्रे, जगदीश खटकर, गणेश टंडन, लक्ष्मण पैकरा, टकेश चंद्रवंशी, लखन छैद्रया, नीलकंठ साहू एवं बड़ी संख्या में कराते टीम के बच्चे उपस्थित हुए।

## बनसिवनी में लगाया गया एक दिवसीय नशामुक्ति शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




महिमा शक्ति वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की डायरेक्टर डॉ. महिमा सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में समीपस्थ ग्राम बनसिवनी में एक दिवसीय नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान शिविर में सरपंच अन्नू चंद्राकर की विशेष उपस्थिति व सहयोग रहा। शिविर में डॉ. महिमा सिंह ठाकुर ने बताया की हमारे आस-पास जितने भी नशा करने वाले व्यक्ति होंगे, जिन्हें नशा छोड़ने में परेशानियां पेश आ रही हों वे हमारी संस्था में संपर्क कर नशा मुक्ति की ओर अग्रसर हो सकते हैं, साथ ही महिलाओं को मार्गदर्शन दिया गया ताकि वे अपने परिजनों को नशा से दूर रखें और उनके साथ-साथ उनका परिवार भी सुरक्षित रहे। शिविर में काफी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दी।

### कृषक संगोष्ठी का आयोजन, उन्नत कृषकों का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि विभाग द्वारा ग्राम हाड़ाबंद और ग्राम चुरकी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कृषकों को सम्मानित किया गया और उन्हें संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। संगोष्ठी में उन्नत कृषकों को कृषक उन्नति योजना के तहत उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान कृषि विभाग ने रबी फसलों जैसे गेहूं, चना और सरसों की खेती के विषय में कृषकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी में उपस्थित कृषकों ने अपनी समस्याओं को विभाग के समक्ष रखा, जिनका तत्काल समाधान किया गया। कृषकों को कृषि के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे और उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में भी जानकारी दी।

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के पहले दिन तीन स्कूलों में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शतप्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने हेतु 'पोषक विद्यालय संपर्क अभियान' कार्यक्रम आयोजित किया जाना है इस आशय में महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में महासमुंद ब्लॉक के 9 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा, सहायक नोडल अधिकारी डॉ ई पी चेलक द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया गया।

जिसके अंतर्गत आज प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में जानकारी दी गई। अजय कुमार राजा द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि महाविद्यालयों में स्वीकृत सीट पर शत प्रतिशत प्रवेश करने हेतु 'पोषक विद्यालय' का चिन्हांकन करते हुए उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों/ विषयों (एनईपी-2020), उपलब्ध सुविधाओं, प्रवेश प्रक्रिया, शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृति एवं अन्य लाभकारी योजनाएं, महाविद्यालयीन पूर्व छात्र/छात्राओं की उपलब्धियों/ सफलताओं से अवगत कराना, वर्तमान उत्कृष्ट विद्यार्थियों से परिचर्चा आदि का आयोजन करना है। जिससे विद्यार्थी पहले से आगे क्या करना है उसको सुनिश्चित करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।



डॉ. मालती तिवारी ने बताया कि 12 वीं के बाद विद्यार्थी अपने पढ़ाई के साथ साथ महाविद्यालय में होने वाले अन्य आवश्यक गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर, यूथ रेडक्रॉस इकाई, खेल जैसे गतिविधियों में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है उसका भी लाभ विद्यार्थियों को मिलता है।

डॉ. ईपी चेलक ने बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कुशल एवं ज्ञानी युवाओं की आवश्यकता है। अधिक से अधिक युवाओं को उच्च शिक्षा में अध्यापन कराना होगा। स्वीकृत सीट संख्या के विरूद्ध शत-प्रतिशत नामांकन दर्ज हेतु महाविद्यालय द्वारा 'पोषक विद्यालय संपर्क अभियान' आरंभ किया जाना है। संस्था के प्राचार्य पचेड़ा विजय घाडगे, प्राचार्य खट्टी शशि साहू, प्राचार्य शेर एसबी लाल के साथ में केवल साहू, शोभा दीवान सहित सभी विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे। इस अभियान में सहयोग के लिए सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थी ट्विंकल कन्नौजे, कमलेश्वरी साहू, भूमिका कन्नौजे, कक्षा 11वीं से धवल साहू, मुकेश कुमार पुरस्कृत हुए। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में 11 वी एवं 12 वीं के विद्यार्थी नीलम हिरवानी, रागिनी साहू, आकांक्षा साहू, नेहा साहू, वर्षा, सोनिया पटेल पुरस्कृत हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में विनीता सिन्हा, सूरज देवांगन, सौरभ चतुर्वेदी, मनीषा निषाद, आर्यन ढीढी, जया साहू पुरस्कृत हुए।

## शहादत दिवस : छत्तीसगढ़ के पहले शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस पर जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम



### आदिवासी समाज के गौरव है शहीद वीर नारायण सिंहः वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष वार्ड 07 की पार्षद मीना वर्मा सहित नयापारा के नागरिकों ने 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आदिवासी समाज के गौरव, अमर वीर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया। मीना वर्मा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्षों से प्रेरणा लेकर हम सभी उनके बताए सिद्धांतों पर चले यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, बूथ अध्यक्ष सुनीता साहू, भगवती कारकसे, सरिका यादव, शैलेंद्री ध्रुव, पद्मिनी नागेश, हिना नाग, सनिता नाग, पार्वती भांडेकर, मीरा जगत, भामिनि, सरोज ध्रुव, गीता ध्रुव, राजकुमारी निषाद, उषा सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान हमेशा याद किया जाएगा : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के अमर शहीद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर मंगलवार को ग्राम डूमरपाली में आयोजित कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही विधायक एवं उपस्थित लोगों ने शहीद वीर नारायण सिंह अमर रहे के नारे लगाए।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले हमारे प्रदेश के आदिवासी जन-नायक वीर नारायण सिंह सच्चे देशभक्त थे। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत होने का भी फर्ज निभाया। वे सोनाखान के जमींदार परिवार से थे, लेकिन उन्होंने किसानों और गरीबों के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। उन्होंने सन 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए गोदाम से अनाज निकालकर गरीबों में बांट दिया। साथ ही उन्होंने सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति का संचार किया। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण को भी हमेशा याद किया जाएगा। गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में उनकी गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, वरिष्ठ नेता शम्मी सलूजा, देवा नायक सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





### शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं आदिवासी जननायक शहीद वीर नारायण सिंह को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ के लिए अपने प्राणों को भी न्यौछावर कर दिया। श्री सिंह की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप से भी मनाई जाती है।

## सावित्रीपुर में मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा




सांकरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में 1857 स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस मनाया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ के अमर सपूत वीर नारायण सिंह के जीवन तथा साहसिक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में मानव अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

संस्था के प्राचार्य पी सिदार ने वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ी महतारी के सच्चे सपूत थे। उन्होंने साल 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू, मिडिल स्कूल हेडमास्टर एसएल पटेल, ईडी हेड बीडी साहू, व्याख्याता सुभाष सिंह, व्याख्याता डीके भारती, संकुल समन्वयक पीएल चौधरी, श्रीमती सविता जलछत्री, उत्तम भोई ने संबोधित किया।



### शांत्रीबाई में मनाया शहीद वीरनारायण दिवस

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में शहीद वीर नारायण सिंह दिवस एवं विश्व मानव अधिकार अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता शांत्री बाई कॉलेज के प्राचार्य सविता चंद्राकर द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय में शहीद वीर नारायण सिंह दिवस का कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पश्चात उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के जीवनी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर के उपलक्ष्य में बीएड विभाग अध्यक्ष मेनका चंद्राकर ने भी शहीद नारायण सिंह को नमन करते हुए उन्होने उनके जीवन में संघर्षों और देश की आजादी के लिए उनका जज्बा, कार्य एवं समर्पण एवं उनके बलिदान के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए राजनीती विज्ञान सहायक प्रध्यापक व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर ने भी विश्व मानव अधिकारी दिवस के अवसर पर दैनिक जीवन में हम अपने मौलिक अधिकार का संरक्षण कैसे कर सकते है, और साथ ही संविधान में व्याप्त मौलिक अधिकार के बारे में जानकारी दी। उसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण कविता और नाटक कर के शहीद वीर नारायण सिंह दिवस एवं मौलिक अधिकार दिवस मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ नारायणन चक्रधारी, विष्णु चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, शत्रुघ्न पटेल, देवेंद्र चंद्राकर, लुकेश साहू, हिना चंद्राकर, रेशम लाल साहू, आकांक्षा सिंह, नवशीन अयूबी, लता महिलांग, गीतांजलि देवांगन, देवानंद चंद्राकर, बलराम चंद्राकर, अप्रित चंद्राकर, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं सह प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

### आकर्षक रंगोली



**महासमुंद।** प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम वीर नारायण सिंह जी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया। रंगोली निर्माण में छात्रावास की छात्रा आकांक्षा ध्रुव, नेत्रमणि ठाकुर, पायल, मोनिका ध्रुव, कल्याणी, खुशबू दीवान ने अपना योगदान दिया। छात्रावास अधीक्षिका रितु चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में वीर नारायण सिंह के शौर्य और पराक्रम को बताते हुए उनके अमूल्य योगदान का पावन स्मरण किया। इस अवसर पर छात्रावास के कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरकार समुचित व्यवस्था के साथ धान की खरीदी कर रही : प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



भाजपा मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने कहा है कि भाजपा की सरकार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 2739 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखी है, जो कि भूपेश बघेल के कार्यकाल के अंतिम वर्ष के लक्ष्य से 50 लाख मीट्रिक टन अधिक है भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष 147 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की थी। इस वर्ष इसमें बढ़ोतरी करते हुए राज्य शासन ने 13 लाख मीट्रिक टन बढ़ाते हुए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी यह विष्णुदेव साय के सरकार की संवेदनशीलता का परिचय है, किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी हो रही है, किसानों की सुविधाओं के लिए टोकन व्यवस्था को ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों में रखा गया है, जिसमें ऑनलाइन में 60% टोकन व ऑफलाइन में 40% टोकन की व्यवस्था राज्य के भाजपा सरकार द्वारा किया गया है, किसान बंधु अपने सविधा अनुसार टोकन लेकर धान बेच रहे हैं जिसमें लघु व सीमांत किसानों के लिए 70% व बड़े किसानों के लिए 30% टोकन की व्यवस्था रखी गई है, धान की खरीदी 14 नंबर से शुरू हुई है और 31 जनवरी तक चलेगी, आज तक किसानों की लगभग 30% धान की खरीदी हो चुकी है, किसानों का धान बेचने के मात्र 72 घंटे में ही संबंधित किसान के बैंक खाते में धान की राशि पहुंच जाती है, किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक सोसाइटियों में किसान बंधु प्रतिदिन माइक्रो एटीएम के माध्यम से 10 हजार की नगद धनराशि प्राप्त कर सकते हैं।

# ऐतिहासिक वीर घाटी का निरीक्षण करने पहुंचे केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ और ओडिशा प्रदेश के सीमावर्ती सरायपाली मुख्यालय से 23 किलोमीटर दूर वनांचल पूर्वी परिक्षेत्र सिंघोड़ा चिवराकुटा रायपुर - संबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में स्थित ऐतिहासिक वीर घाटी के रूप में जाना जाता है।

आज भी इस क्षेत्र के बिंझवार आदिवासी समाज अपने वीर रणबांकुरों के शौर्य पराक्रम गौरवशाली वीरता को यादकर प्रति वर्ष दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में सामाजिक सम्मेलन कर आराध्य ईष्टदेवी मां विंध्यवासिनी की पूजा पाठ कर वीर घाटी में वीरों को याद करते हैं। इस दिशा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मानने सभी ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित और चीर स्मरणीय रखने केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज छत्तीसगढ़, लोकेंद्र सिंह कुमर्रा राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड समाज छत्तीसगढ़, प्रदेश अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश प्रमुख पदाधिकारी गण आरएन ध्रुव, प्रांताध्यक्ष एसपी ध्रुव, महासचिव एमएल ध्रुव, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं जिला महासमुंद से डीडी मांझी, जिला प्रमुख सर्व आदिवासी समाज अनंत वर्मा, सुरेंद्र भोई, गोलू रावल आदि की निरीक्षण टीम के सरायपाली पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारी श्रीधर पंडा तहसीलदार राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन सरायपाली मौजूद रहे। जहां अमृतलाल जगत ब्लाक अध्यक्ष बसना, चुम्मनलाल पुहुप, युवराज रावल, राजेंद्र सिंह सिदार, गणेशराम सिदार, क्षेत्रोलाल सिदार अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सरायपाली ने विधायक नीलकंठ टेकाम और उनके टीम का आदिवासी संस्कृति परपंरा अनुसार पीला अक्षत से तिलक वंदन गुलदस्ता भेंटकर जय बुढ़ादेव सेवा जोहार अभिवादन के साथ स्वागत सम्मान किया। तत्पश्चात ऐतिहासिक वीर रणस्थली रणभूमि क्षेत्र का निरीक्षण करने चिवराकुटा पहुंचे जहां बिंझवार आदिवासी प्रमुख टीमन बरिहा, पुजारी राजकुमार बरिहा, रूषबो बरिहा, बैशाखू बरिहा, नित्यानंद बरिहा, दूबराज बरिहा, अनंतराम बिसी, जगदीश चौहान, ब्लाक अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संघ सरायपाली वीरेंद्र चंद्रवंशी, तिलक पटेल सहित आदिवासी समाज व अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



## प्राचार्य डॉ. उषा किरण को दी विदाई



**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल (प्राध्यापक, मनोविज्ञान) के विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रदीप कुमार भोई ने की। उन्होंने डॉ. अग्रवाल के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक व्यक्तित्व बताया। डॉ. उषाकिरण अग्रवाल ने अपने संबोधन में शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को व्यवहार में कुशलता लाने व अनुशासन को जीवन में अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय में संचालित वैल्यू एडेड कोर्स 'पर्सनैलिटी डेवलपमेंट' में सम्मिलित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमलता पटेल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने किया।




### महिला जागृति मंच द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े व अन्य सामान का किया वितरण

**सरायपाली।** मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा द्वारा समय समय पर ग्रामीण व विभिन्न शालाओं के बच्चों को विभिन्न अवसरों पर विभिन्न चीजें उपहार स्वरूप भेंट की जाती हैं। इसी कड़ी में समीपस्थ ग्राम बोंदा में महिला शाखा द्वारा गर्म कपड़े, कापी, पुस्तकें, जूता के साथ ही अन्य वस्तुएं भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई। उपहार पाकर बच्चों व पालकों में काफी खुशी देखी गई। महिला जागृति शाखा ने बताया की वे इस तरह का कार्यक्रम करती हैं व आगे भी ऐसे कार्य किए जाने का प्रयास किया जाएगा। उक्त जानकारी जागृति शाखा की मीडिया प्रभारी नेहा अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर सचिव प्रिया अग्रवाल, नेहा अग्रवाल सान्या अग्रवाल एवं मोना अग्रवाल उपस्थित थे।




# बच्चों में कला शिल्प साहित्य को बढ़ावा देने राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक निजी बैंक ने 7 से 14 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के बीच सद्भावना को प्रोत्साहित करने और बच्चों में कला-शिल्प, साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्प्लैश' वार्षिक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के मध्य विषय आधारित शुद्ध लेखन एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता दो कैटेगरी में हुईं 7-10 वर्ष हेतु विषय 'ग्रेटफूल हार्ट' तथा 11-14 वर्ष के लिए 'अनसंग हीरो' रहा। 'स्प्लैश' सभी बच्चों को उनकी रचनात्मकता के माध्यम से प्रशंसा और आभार के महत्व को प्रतिबिंबित करने और स्वतंत्र अभिव्यक्ति हेतु प्रोत्साहित करता है। यह स्प्लैश निःशुल्क, समान रूप से प्रतिभा प्रदर्शन करने अवसर उपलब्ध कराया जिसमें सेजेस के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ कला साहित्य की बारीकियों से अवगत होते हुए इस अवसर को उपलब्धि मुलक बनाने की दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए एक सार्थक प्रयास किया। इस राष्ट्रव्यापी ड्रॉइंग एवं राइटिंग प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर 7 से 10 आयुवर्ग अंतर्गत ड्रॉइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ट्विंकल साहू (पांचवीं), द्वितीय प्रत्युषा प्रधान (पांचवीं), तृतीय स्थान नम्रता दीवान (चौथी) ने प्राप्त किया। वहीं राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशुमन नाग (पांचवीं), द्वितीय स्मृति यादव (पांचवीं), तृतीय स्थान सोमेश सिदार (पांचवी) ने प्राप्त किया। 11 से 14 आयुवर्ग में ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजु नर्मदा (सातवीं), द्वितीय भावना पटेल (सातवीं), तृतीय स्थान ईशिका पटेल (छटवीं) ने प्राप्त किया। साथ ही राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रकृति प्रधान (सातवीं), द्वितीय स्थान भावेश साहु (सातवीं), तृतीय स्थान रागिनी सेठ (सातवीं) ने प्राप्त किया। इवेंट/प्रतियोगिता प्रभारी यशवंत कुमार चौधरी (प्र.प्रधान पाठक) ने बताया कि यह एक अनूठा रचनात्मक प्रोग्राम रहा है जो एक्सिस बैंक की ओर से 'स्प्लैस' के तहत पूरे देश में उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है।

बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा प्रतिभागियों की हौसला आफजाई करने सेजेस स्कूल पहुंचकर बच्चों के शुद्ध लेखन शैली और मनोरम चित्रकारी देख काफ़ी गदगद हुए। दोनों ही वर्गों में ड्राइंग एवं राइटिंग अंतर्गत टॉप थ्री स्टूडेंट्स को बैंक की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### मनोविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**महासमुंद।** बीए प्रथम सेमेस्टर जीई, डीएसई (मनोविज्ञान) विषय के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 14 दिसंबर को सुबह 11 से 2 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी प्रायोगिक फाईल एवं एक प्रयोज्य के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 11 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा से संबंधी जानकारी हेतु गायत्री चंद्राकर एवं रेणुका साहू, अतिथि व्याख्याता मनोविज्ञान से संपर्क कर सकते है।

### योग भवन में गीता जयंती आज

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 11 दिसंबर को गीता जयंती मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे योग-भवन से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भगवद गीता का संपूर्ण पाठ होगा, रात्रि 7 से 8 बजे तक गीता पर स्वामी रामसुखदास जी महाराज की व्याख्या कृत प्रबोधनी गीता का पाठन होगा। रात्रि 8 से 8.30 तक हरिनाम संकीर्तन, आरती उपरांत समापन होगा।

### नई सोच: महिलाओं ने खोले सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते

# महतारी वंदन हितग्राहियों की बेटियों के बनेंगे सुनहरे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राज्य सरकार एक वर्ष पूर्ण होने पर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस राशि से महिलाएं न केवल अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा कर रही है, बल्कि भविष्य के लिए भी सुनहरे सपने गढ़ने का काम कर रही है। महासमुंद शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों ने प्रतिमाह मिलने वाली राशि के बेहतर सदुपयोग के लिए एक नई सोच गढ़ी है।

महिलाएं अपनी लाड़ली बेटियों के सुनहरे भविष्य के लिए योजना से मिलने वाली राशि को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलने और राशि जमा करने के लिए सदुपयोग में ला रही है। आज स्थानीय महासमुंद के इमलीभाठा वार्ड नंबर 2 में शहरी महिलाएं एकत्रित होकर सुकन्या समृद्धि योजना के फॉर्म भरकर बचत की शुरुआत कर दी है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोस्टमैन को आमंत्रित कर 36 खाता खुलवाए गए। विभाग की पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि ऐसी 36 महिलाओं के फॉर्म आज भरने की



शुरुआत की गई जो अपनी बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए बचत करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि गरीबी और आर्थिक तंगी के कारण कई बेटियां इस योजना से वंचित होने के कगार पर थी लेकिन महतारी वंदन योजना से उन्हें नई सोच मिली और अपने बेटियों के नाम मिलने वाली राशि को जमा करने के लिए तैयार हुई। आज फॉर्म भरने आई वार्ड नंबर 2 की हितग्राही प्रीति दीवान ने बताया कि उनकी बिटियां ढाई वर्ष की है और उनके लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत फॉर्म भर रही है। यह गुड़िया के लिए पहली जमा राशि होगी। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि मेरे मन में अपनी बिटियां की भविष्य के प्रति हमेशा चिंता रहती थी। लेकिन यह राशि मेरे लिए मददगार साबित हुई और मैं अपनी बिटिया के नाम पर खाता खुलवा रही हूं। उम्मीद है कि इस राशि से बिटिया की पढ़ाई और शादी में मदद मिलेगी। इसी तरह वार्ड नंबर 2 की मनीषा यादव ने बताया कि उनकी गुड़िया डेढ़ वर्ष की है। इससे पहले मिलने वाली राशि को वह घरेलू कार्य में खर्च कर देती थी। लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के प्रयास से यह प्रेरणा मिली कि मैं अपने बिटिया के नाम से राशि जमा कर सकूं। इसी तरह गायत्री देवांगन की एक बिटियां का भी सुकन्या समृद्धि योजना के तहत फॉर्म भरा गया है। उनकी एक बेटी का पहले से सुकन्या समृद्धि योजना में खाता है लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपनी दूसरी बेटी के नाम बचत नहीं कर पा रही थी। इस अवसर पर सभी महिला हितग्राहियों का तिलक लगाकर और आरती कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्रीमती शैल नाविक, पर्यवेक्षक शीला प्रधान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

उल्लेखनी है कि सुकन्या समृद्धि भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करना और उनके शिक्षा एवं विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह एक छोटी बचत योजना है, जिसकी शुरुआत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत की गयी। जिसके अंतर्गत माता-पिता या कानूनी अभिभावक कन्या के नाम से खाता खोल सकते हैं इस योजना के अंतर्गत खाता खुलवाने के लिए बच्ची की आयु सीमा 10 वर्ष से कम होनी चाहिए। यह खाता किसी भी डाकखाने और निर्धारित सरकारी बैंकों में खोला जा सकता है।

योजना के तहत जमा की जाने वाली रकम पर वार्षिक ब्याज अन्य जमा योजनाओं से अधिक आकर्षक ब्याज दर पर है। हर वर्ष जमा की जाने वाली रकम की न्यूनतम सीमा 250 रुपये और अधिकतम सीमा 1.5 लाख रुपये हैं। एक महीने में या एक वित्त वर्ष के दौरान रकम जमा करने की बारम्बारता की कोई सीमा नहीं है। अभिभावक द्वारा 14 वर्षों तक किए गए निवेश के आधार पर ही सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत ब्याज का लाभ प्राप्त होता है

# विधायक ने चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### संबंधित अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

विधायक चातुरी नंद ने जन चौपाल लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में तोरेसिंहा की लक्ष्मी कुमार ने पैर के ऑपरेशन हेतु आर्थिक सहायता का अनुरोध किया जिसके इलाज हेतु विधायक नंद ने डॉक्टरों से दूरभाष पर चर्चा कर निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए जन संपर्क निधि से भी आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया।

टेंगनापाली की रेखा कटार ने विधायक नंद से जमीन विवाद सम्बंधित मामले के निराकरण में तेजी लाने का अनुरोध किया जिस पर मौके पर ही विधायक ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह कसलबा निवासी रमेंश ने दिव्यांग पेंशन दिलाने और राशन कार्ड बनवाने का आग्रह किया जिस पर संबंधित अधिकारियों को जल्द पेंशन दिलाने के लिए निर्देश प्रदान किया।

ग्राम खपरीडीह के विद्याचरण थापा ने आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार विधायक नंद से लगाई। विधायक नंद ने उनकी आवेदन पर नियमानुसार आवास दिलाने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही जन चौपाल में विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासी विधायक चातुरी नंद से मिलने पहुंचे थे।

इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, घनश्याम पटेल, परशु चौहान, दिलकिशोर प्रधान समेत कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद थे। विदित हो कि विधायक चातुरी नंद ने ग्रामीणों से सीधे रूबरू होने अब हर सोमवार को जन चौपाल लगा रही है जिसका बेहतर रिस्पॉन्स आमजन से मिल रहा है और बड़ी संख्या में दूर दराज के ग्रामीण विधायक से मिलकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंच रहे हैं।

# नर्रा स्कूल के छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा



शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में 2018 से समग्र शिक्षा के तहत संचालिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम के ऑटोमोटिव ट्रेड से कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण छात्र चुनेश पटेल और विक्की पटेल का प्रथम फाउंडेशन में 45 दिन के इंटर्नशिप ट्रेनिंग के लिए चयन हुआ। जहां सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद दोनों छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। ऑटोमोटिव ट्रेड के प्रशिक्षक जयंत साहू ने बताया कि चुनेश पटेल का प्लेसमेंट पुणे की ऑटोमोबाइल पार्ट मैन्युफैरिंग कंपनी, टेक्निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुआ है तथा विक्की पटेल का प्लेसमेंट रायपुर में हुआ है। इसके पूर्व भी इलेक्ट्रॉनिक के तीन छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है, वही कुछ छात्र स्वयं का व्यवसाय इसी क्षेत्र में कर जीविकोपार्जन कर रहे हैं।

प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के कौशल पूर्ण ज्ञान को केंद्रित किया गया है, जिसके तहत समग्र शिक्षा द्वारा शालाओं में व्यवसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है।

शालाओं में व्यवसायिक शिक्षा ग्रामीण छात्रों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। तथा ग्रामीण परिवेश के छात्र भी अपनी योग्यता के बल पर बड़े शहरों में नौकरी कर रहे हैं।

### 16 को महिला आयोग अध्यक्ष नायक प्रकरणों की करेंगी सुनवाई



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 16 दिसंबर को महासमुंद जिले के प्रकरणों की सुनवाई करेंगी।

सुनवाई कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से होगी। राज्य महिला आयोग के सचिव ने बताया कि सुनवाई के दौरान सभी पक्षकारों को अपने निर्धारित समय में उपस्थित होना आवश्यक है।

# सिंगापुर में आयोजित ब्लिट्ज व रैपिड चेस टूर्नामेंट में रायपुर के विवान रॉय को मिला तीसरा स्थान

**महासमुंद।** भारतीय शतरंज के इतिहास में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय युवा खिलाड़ी 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी डी गुकेश चीन के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डींग लिरेन (32वर्ष) को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। हाल ही में सिंगापुर में संपन्न तोया पायोह वेस्ट सीसी डेक ब्लिट्ज व रैपीड चेस टूर्नामेट में रायपुर के 12 वर्षीय सब जूनियर खिलाड़ी विवान रॉय ने तीसरा स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता पर उन्हें बतौर इनाम ट्रॉफी के साथ 150 डॉलर का पुरस्कार भी मिला। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि विवान रायपुर के सीनियर कोच व अविभाजित



मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व राज्य चैंपियन रहे रविकुमार से विधिवत प्रशिक्षण ले रहे हैं। विगत दिनों भुवनेश्वर में आयोजित 16 वीं के आई आई टी इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल में भिलाई के तेज गति से उभर रहे यशद बांबेश्वर ने यूएसए के ग्रैंडमास्टर ग्रैंडमास्टर रसेट जियादिनोव व हंगरी के इंटरनेशनल मास्टर तुर्जो एटिला को हराकर शतरंज जगत में सनसनी फैला दी थी। स्पर्धा के ए केटेगरी में यशद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 18 वां रैंक हासिल कर 15000 रुए नगद प्राइज जीता है। ज्ञात हो कि यशद ने 17 से 19 नवंबर तक नर्मदापुरम में आयोजित एसजीएफआई स्कूल गेम्स चेस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से जूनियर वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए बिना कोई मैच हारे बोर्ड प्राइज के तहत गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी तरह से रायपुर के ही प्रतिभावान खिलाड़ी आनंद राय ने भुवनेश्वर की किट इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल के सी कैटेगरी में भाग लेकर चौथा स्थान हासिल किया है जहां बतौर इनाम 50000 रुपए की राशि मिली। वहीं रायपुर की नन्ही प्रतिभा अनिका रेडी ने उक्त स्पर्धा के अंडर - 8 में हिस्सा लेकर तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

# स्कूल में मनाया राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। जिसमे स्कूल छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व को समझाया गया। यह कार्यक्रम इस दिन के महत्व के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ, जिसमे मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और सभी के लिए समानता, गरिमा और सम्मान को बढ़ावा देने में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया गया। विभिन्न ग्रेड के छात्रों ने रचनात्मक प्रस्तुतियां, पोस्टर और मौलिक मानवाधिकारों का प्रतीक वस्तुओं का प्रदर्शन करते हुए गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके प्रयासों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। हर साल 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है जिसमे संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, स्कूल विद्यार्थियों एवं शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणि सारथी, दीपा कुर्रे, वर्षा सारथी उपस्थित थे।

# जिले में 1500 से अधिक लोगों का हुआ प्रकृति परीक्षण, 25 तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान पूरे देश में 26 नवंबर से जारी है जो कि 25 दिसंबर 2024 तक समस्त आयुष संस्थाओं में होगा। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में समस्त आयुष संस्थाओं में प्रकृति परीक्षण का कार्य सक्रिय रूप से जारी है। जिले में कार्यरत निजी चिकित्सक जो कि आयुर्वेद की प्रैक्टिस कर रहे हैं और आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में राज्य में पंजीकृत हैं उनके यहां भी यह प्रकृति परीक्षण पूर्णरूप से निःशुल्क है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल का 9 दिसंबर को प्रकृति परीक्षण किया गया व वहां के विद्यार्थियों को कार्यशाला आयोजित करके प्रकृति परीक्षण की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को भी इस बारे में जानकारी दी गई। शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.सर्वेश



दुबे द्वारा प्रकृति से संबंधित कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. रागिनी गुप्ता व नर्सिंग सिस्टर मेरी रोस खाखा उपस्थित रहीं। जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर की प्राचार्य व वहां के विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय रूप से प्रकृति परीक्षण कराया गया। अब तक जिले में 1500 से अधिक लोग अपना प्रकृति परीक्षण करवा चुके हैं। आयुर्वेद के सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के प्रकृति का निर्धारण उसके गर्भ में रहने के दौरान ही हो जाता है और वह प्रकृति पूरे जीवन अपरिवर्तनीय रहती है। प्रकृति परीक्षण के उपरांत व्यक्ति को उसके प्रकृति के अनुसार आहार विहार आदि की जानकारी उसके मोबाइल में तत्काल प्राप्त हो जाती है, प्रकृति के प्रमाणपत्र के साथ साथ। प्रकृति प्रमाणपत्र पूरे जीवन उस व्यक्ति के आयुर्वेद की चिकित्सा के समुचित निर्धारण में उपयोगी रहेगा। प्रकृति परीक्षण 18 वर्ष से 70 वर्ष तक के प्रत्येक नागरिक का किया जा रहा है। हर वह व्यक्ति जो कि एंड्रॉयड मोबाइल के साथ है आयुष की संस्थाओं में जाकर अपने प्रकृति का परीक्षण करवा सकता है। अनेको गैर संचारी रोग जैसे कि मोटापा, मधुमेह, गठिया आदि रोगों को प्रकृति परीक्षण के उपरांत प्राप्त आहार विहार को अपनाकर रोक सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में सात प्रकार के दैहिक प्रकृति व 16 प्रकार के मानस प्रकृतियों का वर्णन मिलता है। प्रकृति से व्यक्ति के मनोभावों व भविष्य में होने वाले मानसिक रोगों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को उनके कैरियर चयन में भी सहायक हो सकता है प्रकृति का समुचित निर्धारण। सभी नागरिकों को भारत सरकार के इस मुहिम में भाग लेना चाहिए।



## लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के मुकेश जिलाध्यक्ष और संदीप कार्यकारी अध्यक्ष

**महासमुंद।** छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक कर्मचारी भवन में आहूत की गई। जिसमे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष का मनोनयन सेवानिवृत्त लिपिकों का सम्मान समारोह, कैलेंडर विमोचन एजेंडा निर्धारित था। जिसमे सभी तहसील अध्यक्षों एवं जिला कार्यकारणी एवं सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से मुकेश कुमार साहू को जिलाध्यक्ष, संदीप तिवारी कार्यकारी जिलाध्यक्ष, राधेश्याम सोनी को तहसील अध्यक्ष महासमुंद नियुक्त किया गया एवं आगामी 5 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त लिपिकों के सम्मान समारोह की तिथि भी निर्धारित किया गया। उक्त बैठक का संयोजन सीके तिवारी, प्रांतीय महामंत्री दुष्यंत यादव प्रांतीय सचिव एवं जिला कार्यकारणी के द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से मनोनीत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, सीके तिवारी प्रांतीय महामंत्री, दुष्यंत यादव प्रांतीय सचिव, पूर्व जिलाध्यक्ष केके चंद्राकर, संरक्षक शिव साहू एवं आरके बुनकर तहसील अध्यक्ष बागबाहरा, परमेश्वर बाघ तहसील अध्यक्ष पिथौरा, दिलीप दास तहसील अध्यक्ष बसना, निरजंन कोसरिया तहसील अध्यक्ष सरायपाली, श्रीमती योगेश्वरी गोस्वामी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं महासमुंद के जिला कार्यकारणी एलआर तारम, जीपी चंद्राकर एवं रवि ठाकुर, केशराम सिन्हा, गेश्वर दीवान, डीके सेन सहित समस्त लिपिकों ने हर्ष जताया।

### मौहारीभाठा के श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए नपा सभापति

# धार्मिक आयोजनों से नगर का वातावरण रहता है शुद्ध: निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्थानीय वार्ड क्रमांक 28 मौहारीभाठा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। जिसमे कथा वाचक पं. संतोष वैष्णव ने भगवान के विभिन्न कथा प्रसंगों का वर्णन कर पूरे 9 दिनों तक श्रोताओं को भक्ति रसपान कराया। कथा के सप्तम दिवस रूखमणि विवाह व शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान मोहल्लेवासियों द्वारा साहू का श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया तथा हल्दी- रस्म के तहत उन्हें हल्दी लगाकर माताओं ने आशीर्वाद दिया।

श्री साहू ने कहा कि मोहल्लेवासियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की महिमा तथा उनके प्रेरक वचनों को भागवत कथा के माध्यम से पूरे वार्ड सहित नगर में फैलाया जा रहा है। जो नगर के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने आयोजन में



मोहल्ले के माताओं-बहनों की भागीदारी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान में नगर के अधिकांश वार्डों में जो भक्तिमय कार्यक्रम हो रहे हैं, उनमे माताओं-बहनों की भागीदारी सराहनीय है। भक्तिमय कार्यक्रमों से मोहल्ले सहित पूरे नगर का वातावरण शुद्ध हो रहा है।

इस अवसर पर कथा वाचक पं. संतोष वैष्णव ने व्यासपीठ के समक्ष साहू को पुष्पहार व भागवत गमछा पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही रूकमणि विवाह की प्रेरक प्रसंग श्रोताओं को सुनाया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर कहा कि अधर्म व अत्याचार को धरती से मिटाने जगत पालन हार ने श्रीकृष्ण रूप में जन्म लिया। भगवान श्रीकृष्ण ही सर्वशक्तिमान परमेश्वर है। उन्हीं की भक्ति से हर पापों से मुक्ति पाकर मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में वार्ड की माताएं, बहनें, युवाओं की उपस्थिति रही।

